# जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांकः जीवि/परीक्षा–2/गोपनीय/2025/320

दिनांक : 19/03/2025

**आवश्यक सूचना**

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्व शासकीय/अशासकीय/अनुदानित महाविद्यालय
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

**विषय–** बी0ए0, बी0कॉम0, बी0एस0सी0, बी0एस0सी0 (होम साइंस), बी0बी0ए0, बी0सी0ए0 एवं बी0टी0एम0 प्रथम वर्ष **(NEP)** महाविद्यालय के नियमित/असंस्थागत, भूतपूर्व एवं पूरक द्वितीय अवसर के छात्रों हेतु वार्षिक स्नातक डिप्लोमा वार्षिक परीक्षा मार्च 2025 परीक्षार्थियों के आंतरिक परीक्षा के अंक विश्वविद्यालय की एम.पी. ऑनलाईन पोर्टल पर दिनांक 11.04.2025 ऑनलाईन अपडेट करने हेतु।

महोदय ,

बी0ए0, बी0कॉम0, बी0एस0सी0, बी0एस0सी0 (होम साइंस), बी0बी0ए0, बी0सी0ए0 एवं बी0टी0एम0 प्रथम वर्ष (NEP) महाविद्यालय के नियमित/असंस्थागत, भूतपूर्व एवं पूरक द्वितीय अवसर के छात्रों हेतु वार्षिक स्नातक डिप्लोमा वार्षिक परीक्षा मार्च 2025 के रेगूलर,एक्स,ऐटीकेटी,संस्थागत एवं असंस्थागत परीक्षार्थियों के आंतरिक के अंक विश्वविद्यालय की एम.पी. ऑनलाईन पोर्टल पर **दिनांक 11.04.2025** तक ऑनलाईन अपडेट करें। **आंतरिक मूल्यांकन के अंक अपडेट करने के पश्चात ही छात्रों के प्रवेश पत्र डाउनलोड किये जा सकते है।**

विशेष नोट :–

आप यह सुनिश्चित करें कि, किसी भी परीक्षार्थी के आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा के अंक अपटेड करने से शेष न रहें। पोर्टल पर अंक भरते समय पर किसी भी परीक्षार्थी के अनुक्रमांक के सम्मुख अंक अंकित कॉलम में अंक अथवा अनुपस्थित (Absent) ही अंकित करें। प्रदर्शित सीट में रिक्त अथवा रिक्त/डेस कुछ भी अंकित न करें विश्वविद्यालय द्वारा आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा के अंक ऑनलाईन अपडेट नही करने अथवा आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा के अंक हेतु निर्धारित पोर्टल पर अंक अपडेट नही होने की दशा मे छात्र को उक्त विषय मे अनुपस्थित मान कर परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जावेगा जिसका समस्त उत्तरदायित्व छात्र का स्वंय का एवं महाविद्यालय प्राचार्य का होगा। विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी परिस्थिति मे छात्र के ऑफ लाईन आंतरिक मूल्यांकन अंक मान्य नही किये जावेगें अंक निर्धारित अवधि मे अपडेट नही करने पर माननीय कार्यपरिषद के निर्णय अनुसार अर्थदण्ड की शस्ति अधिरोपित करने की कार्यवाही की जावेंगी स्थाई समिति की विशेष बैठक दिनांक 15.09.2021 के निर्णय अनुसार पत्र/क्रं./एफ/अकादमी/सभा/2021/904/दिनांक 15.09.2021 के द्वारा यदि महाविद्यालय से ऑनलाईन अंक प्रेषित करने मे टंकण त्रुटि होती है तो संबंधित महाविद्यालय परीक्षा परिणाम घोषित होने से पूर्व मूल रिकॉर्ड के साथ प्रति छात्र रुपये 1,000/– अर्थदण्ड जमा कर विश्वविद्यालय मे आवेदन प्रस्तुत करने पर अंक सुधार किये जा सकते है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद किसी भी प्रकार का आवेदन प्रस्तुत करने पर अंक सुधार नही किये जायेंगे एवं इसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित अग्रेषण अधिकारी की होगी।

अंक ऑनलाइन भरने के पश्चात् भरे हुये अंकों को बेवसाईट से प्रिंट कर प्राचार्य/प्राचार्या से प्रमाणित कराकर चार दिवस के भीतर विश्वविद्यालय में आवश्यक रूप से जमा कराये।

प्रभारी परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–

1. कुलगुरु महोदय के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
3. उप/सहा. कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
4. श्री एच.के. द्विवेदी एम0पी0 ऑनलाइन प्रभारी, की ओर आंतरिक मूल्यांकन के अंक अपडेट किये जाने हेतु पोर्टल की लिंक खोले जाने संबंधी कार्यवाही हेतु।

सहायक कुलसचिव (गोप.)